Seventeenth Loksabha

an>

Title: Re. Reconstruction of embankment on Pairi River and payment of compensation to farmers for loss of crops caused by heavy rain in Mahasamund Parliamentary Constituency, Chhattisgarh.

श्री चुन्नीलाल साहू (महासमुन्द) : महोदया, महासमुंद लोकसभा अंतर्गत गरियाबंद जिले की वनांचल क्षेत्र में अत्यधिक वर्षा होने के कारण दिनांक 13 जुलाई, 2022 का पैरी नदी में बाढ़ आने के कारण नदी के दांयी तट पर ग्राम कोपरा के समीप निर्मित अस्थाई बण्ड का बहुत कम ऊंचाई होने के कारण क्षतिग्रस्त हो गया और बाढ का पानी ग्राम कोपरा, तर्रा व कुरुसकेरा एवं सुरसा बांध में घुस गया, जिससे बाढ़ के साथ बहाव में आगे रेत-मिट्टी से उक्त ग्राम के लगभग 500 एकड़ खेत में लगे धान की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई । महोदया, उक्त तटबंध का तत्काल निर्माण कराने की आवश्यकता है अन्यथा 1,000 एकड़ कृषि भूमि बर्बाद हो जाएगी । वर्तमान में नष्ट हुई फसल की जांच दल द्वारा मुआयना कर आरबीसी 6-4 के तहत मुआवजा प्रदान करने की कृपा की जाए । अत: सदन के माध्यम से सरकार से मेरे द्वारा पुरजोर गुजारिश है कि किसानों की समस्या को संज्ञान में लेते हुए अतिशीघ्र उचित कार्रवाई के लिए विभाग को निर्देशित करने की महान कृपा की जाए ।

माननीय सभापति: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल – उपस्थित नहीं ।